मुख्य अभियंता का कार्यालय,
(योजना+अनुश्रवण+भूगर्भ)
लघु जल संसाधन विभाग,
जल भवन, तृतीय तल्ला, राईडिंग रोड शेखपुरा, पटना–14
ईमेल– ce.pmg-bih@gov.in दूरभाष– 0612–2215035

संचिका सं0:–ल0ज0सं0(पी0एम0जी0)– डिवार/कालीकृत–34/2023– 16 /पटना, दिनांक:– 13/04/2023

## आदेश

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, कैमुर (मोहनियाँ) के पत्रांक–382 दिनांक–16.02.2023, अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, पटना के पत्रांक–393 दिनांक–21.02.2023 एवं मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना के पत्रांक–538 दिनांक–22.02.2023 द्वारा मेसर्स यश इलेक्ट्रीकल्स, प्रो0–श्री दीपक कुमार सिंह, ग्राम–चकवा, ईश्वर सिंह के टोला, बिहीयाँ, पो0+थाना–बिहियाँ, जिला–भोजपुर, पिन कोड–802152 निबंधन सं0–MWRD0720C3PR1756 श्रेणी–03 (तृतीय) को निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–02/2022–23 के ग्रुप सं0–42 (मकरीखोह–02 उद्वह सिंचाई योजना कार्य) एवं ग्रुप संख्या–43 ( मकरीखोह–03 उद्वह सिंचाई योजना कार्य) का एकरारनामा नहीं करने के कारण इन्हें कालीकृत करने की अनुशंसा की गई है।

उक्त के क्रम में इस कार्यालय का पत्रांक–164 दिनांक–02.03.2023 द्वारा संवेदक से कारण पृच्छा की गई। उक्त कारण पृच्छा संवेदक को स्पीड पोस्ट संख्या–RF285996142IN द्वारा प्रेषित की गई जो दिनांक–13.03.2023 को उन्हें प्राप्त होने संबंधी सूचना संबंधित बेवसाईट पर प्रदर्शित है। साथ ही संवेदक के ईमेल–deepaksingh62281@gmail.com के माध्यम् से भी पत्र प्रेषित की गयी है। उल्लेखनीय है कि उक्त कारण पृच्छा में संवेदक को एक सप्ताह के अन्दर इस कार्यालय को स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया था, परन्तु एक माह बीत जाने के बावजूद संवेदक द्वारा स्पष्टीकरण उपलब्ध नहीं कराया गया है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि उन्हें अपने बचाव में कुछ नहीं कहना है एवं उनके पास बचाव का कोई कारण उपलब्ध नहीं है। इसलिये कार्य आवंटित होने के बावजूद संवेदक द्वारा एकरारनामा नहीं करना एवं Additional Performance Guarantee Security हेतु निर्धारित राशि जमा नहीं कराना उनकी एकरारनामा के प्रति अनिच्छा अथवा निर्धारित राशि जमा करने में अक्षम होने का स्पष्ट प्रमाण है।

अतः उक्त के आलोक में विषय की महत्ता के मद्देनजर कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, कैमुर (मोहनियाँ)/अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, पटना एवं मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेखों में वर्णित तथ्यों के आधार पर प्राप्त प्रस्ताव एवं अनुशंसा के आलोक में संवेदक मेसर्स यश इलेक्ट्रीकल्स, प्रो0–श्री दीपक कुमार सिंह, ग्राम–चकवा, ईश्वर सिंह के टोला, बिहीयाँ, पो0+थाना–बिहियाँ, जिला–भोजपुर, पिन कोड–802152 निबंधन सं0–MWRD0720C3PR1756 श्रेणी–03 (तृतीय) को बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली– 2007 के नियम –11 (क) (ii) में निहित शर्तो एवं प्रावधानों के आलोक में तत्काल प्रभाव से अगले 10 (दस) वर्षो के लिए कालीकृत किया जाता है।

12/04/2023

प्रभारी मुख्य अभियंता
(योजना+अनुश्रवण+भूगर्भ),
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

12/04/23 12/04/023

E:\New folder-2023\190.docx

पत्रांकः– 307 /पटना, दिनांकः– 12/04/2023

प्रतिलिपि– संवेदक मेसर्स यश इलेक्ट्रीकल्स, प्रो0–श्री दीपक कुमार सिंह, ग्राम–चकवा, ईश्वर सिंह के टोला, बिहीयाँ, पो0+थाना–बिहियाँ, जिला–भोजपुर, पिन कोड–802152 निबंधन सं0–MWRD0720C3PR1756 श्रेणी–03 (तृतीय) को सूचनार्थ प्रेषित।

12/04/2023

प्रभारी मुख्य अभियंता
(योजना+अनुश्रवण+भूगर्भ),
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

पत्रांकः– 307 /पटना, दिनांकः– 12/04/2023

प्रतिलिपि– सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, कार्य विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग/जल संसाधन विभाग/पथ निर्माण भवन/भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/सभी मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल/सभी कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल/अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

12/04/2023

प्रभारी मुख्य अभियंता
(योजना+अनुश्रवण+भूगर्भ),
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

पत्रांकः– 307 /पटना, दिनांकः– 12/04/2023

प्रतिलिपि– आई0टी0मैनेजर, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

12/04/2023

प्रभारी मुख्य अभियंता
(योजना+अनुश्रवण+भूगर्भ),
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

E:\New folder-2023\190.docx